आपकी खबरों का संसार...
RNI No.-RJHIN/2015/63826
# अतुल्य संसार
संस्करणः जयपुर
हिन्दी समाचार पत्र...
web: www.atulyasansar.com
Digital Edition
www.liveworldnews.in
वर्षः 10 | अंकः 344 | जयपुर, बुधवार 24 जून, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4



बूंदी के दो दर्जन... पेज 2



श्रद्धालुओं ने प्रसिद्ध... पेज 3

पुणे में सोनम रघुवंशी जैसा केस

## बिजनेसमैन की बेटी ने प्रेमी के साथ मिलकर मंगेतर को 400 फीट गहरी खाई में फेंका, नवंबर में शादी थी



**पुणे।** पुणे में इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड से मिलती-जुलती वारदात सामने आई है। यहां 26 साल के केतन विशाल अग्रवाल की उनकी मंगेतर सिया गोयल (20) और उसके बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी (22) ने मिलकर हत्या कर दी। पुलिस का आरोप है कि दोनों ने केतन को लोहागढ़ किले से करीब 400 फीट गहरी खाई में धक्का दिया और इसे हादसा बताने की कोशिश की। केतन 18 जून को अपने मंगेतर सिया के साथ पुणे के लोहागढ़ किले पर ट्रेकिंग के लिए गए थे। बाद में उनका शव खाई से मिला।

### केतन रियल एस्टेट कारोबारी थे, सिया बिजनेसमैन की बेटी

केतन पुणे जिले के गहुंजे के रहने वाले थे और परिवार के रियल एस्टेट कंपनी में डायरेक्टर थे। वहीं सिया पुणे के एक बड़े मसाला व्यापारी की बेटी है। इस साल नवंबर में राजस्थान के उदयपुर स्थित एक शाही पैलेस में दोनों की शादी होने वाली थी। यह शादी दोनों के परिवारों ने तय की थी। घर में तैयारियां भी शुरू थीं। मेहमानों के लिए दो चार्टर्ड प्लेन की व्यवस्था भी की गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी पर परिवार करीब 17 करोड़ खर्च करने वाला था।

### महाबलेश्वर में बर्थडे पार्टी, लोहागढ़ में प्री-वेडिंग शूट का प्लान था

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, केतन और सिया शादी से पहले बाली घूमने जाने वाले थे। सारी बुकिंग भी हो गई थी लेकिन सिया ने पासपोर्ट खोने की बात कहकर ट्रिप कैंसिल करा दी। केतन ने सिया के बर्थडे के लिए महाबलेश्वर के एक लग्जरी रिसॉर्ट में 40 कमरे बुक कराए थे। लोहागढ़ किले पर प्री-वेडिंग फोटोशूट की भी तैयारी चल रही थी।

## चांदी आज 10,318 सस्ती हुई, इस महीने 35,767 गिरी

सोना 2,315 गिरा, जून में 10,541 की गिरावट जानें अपने शहर के दाम



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 23 जून को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, एक किलो चांदी 10,318 रुपए घटकर 2.27 लाख रुपए पर आ गई है, जो सोमवार को 2.37 लाख रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,315 रुपए गिरकर 1.45 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले 22 जून को यह 1.47 लाख पर था। सोना के दाम इस महीने 10,541 रुपए और चांदी के 35,767 रुपए गिरे हैं। 1 जून को सोना 1.56 लाख/10 ग्राम और चांदी 2.63 लाख/किलो थी।

### अलग-अलग शहरों में सोने के दाम अलग होने की 4 वजहें

**ट्रांसपोर्टेशन और सिक्योरिटी:** एक शहर से दूसरे शहर सोना ले जाने में ईंधन और सुरक्षा खर्च जुड़ता है, जिससे दूरी बढ़ने पर दाम बढ़ते हैं। **खरीदारी की मात्रा:** दक्षिण भारत में ज्यादा खपत (करीब 40%) के कारण ज्वेलर्स बड़ी खरीद करते हैं, लेकिन छूट का फायदा सीमित रहता है। **लोकल ज्वेलरी एसोसिएशन:** राज्य और शहर के ज्वेलरी एसोसिएशन स्थानीय मांग-सप्लाई के आधार पर रेट तय करते हैं। **पुराना स्टॉक और खरीद मूल्य:** ज्वेलर्स का खरीदी रेट तय करता है कि वे ग्राहकों को कितनी कीमत में बेचेंगे।

## वैभव सूर्यवंशी को टीम इंडिया की 3 नंबर जर्सी मिली

### कहा- खुशी बयां करने के लिए शब्द नहीं, आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे पर रवाना

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी सीनियर टीम इंडिया के साथ आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे पर मंगलवार को रवाना हो गए। BCCI की ओर से उन्हें 3 नंबर जर्सी होटल भिजवाई गई, जिसे सूर्यवंशी काफी देर तक देखते रहे। सूर्यवंशी को जर्सी भारतीय टीम में थ्रो डाउन स्पेशलिस्ट रघु ने सौंपी। सूर्यवंशी ने सबसे पहले रघु के पैर छूए और उन्हें प्रणाम किया, फिर जर्सी ली। इस पूरी घटना को कैमरे में रिकॉर्ड भी किया गया। इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। जिस दिन पहली बार बल्ला थामकर मैदान पर कदम रखा था, आज वह सपना पूरा हो गया है। यह मेरे अब तक के करियर का सबसे बड़ा कदम है और इस अहसास को शब्दों में बयां करना नामुमकिन है।

# भारत दवाओं का 65प्रतिशत कच्चा माल चीन से मंगाता है

## नीति आयोग बोला- किसी एक देश पर निर्भर रहना ठीक नहीं, अमेरिका से ट्रेड डील जल्द

**नई दिल्ली।** भारत दवाएं बनाने के लिए सबसे जरूरी कच्चे माल के लिए 65त्न तक चीन पर निर्भर है। नीति आयोग ने यह जानकारी मंगलवार को दवा उद्योग और वैश्विक व्यापार पर अपनी ट्रेड वॉच क्वार्टरली रिपोर्ट में दी। आयोग ने रिपोर्ट में भारत के कुल इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट और एनर्जी सेक्टर का डेटा भी शेयर किया। आयोग के वाइस चेयरमैन अशोक कुमार लाहिड़ी ने बताया कि मिडिल ईस्ट संकट से यह सीख मिली है कि किसी एक देश या क्षेत्र पर ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा, भारत को तेल, गैस और अन्य ऊर्जा जरूरतों के लिए अलग-अलग देशों और स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि किसी संकट की स्थिति में परेशानी न हो। लाहिड़ी ने कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देंगे और इस पर हस्ताक्षर करेंगे।



### FTA में फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स पर एक अलग चैप्टर जरूरी

लाहिड़ी ने बताया कि नीति आयोग ने रिपोर्ट में सुझाव दिया है कि भारत जब भी किसी देश या ब्लॉक के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के लिए बातचीत करे, तो उसमें फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स पर एक अलग चैप्टर जरूर शामिल किया जाना चाहिए।

### भारत में नई दवाओं पर रिसर्च का खर्च महंगा

लाहिड़ी ने कहा कि भारत में पर्यावरण से जुड़े नियम अब काफी कड़े हो गए हैं। इस वजह से कंपनियों के लिए फैक्ट्रियों में दवाएं बनाने और नई दवाओं पर रिसर्च करने का खर्च बहुत बढ़ गया है। हमारे देश में नई खोजों को बढ़ावा देने और उन्हें बिजनेस में बदलने का सिस्टम कमजोर है। इसी कमी के कारण नए और लंबे समय के लिए पैसा लगाने वाले निवेशक यहां निवेश करने से घबरा रहे हैं।

### दवा के प्रोडक्शन में हम अच्छे, लेकिन वैल्यू चेन में आगे बढ़ना जरूरी

लाहिड़ी ने कहा कि भारत को आज पूरी दुनिया में 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' माना जाता है। नीति आयोग ने अपनी स्टडी में पाया है कि दवाओं के प्रोडक्शन के मामले में हम बहुत अच्छा कर रहे हैं, लेकिन अब हमें वैल्यू चेन में ऊपर बढ़ने की जरूरत है। इंटरनेशनल मार्केट में भारतीय कंपनियों की अच्छी साख है। अगर भारतीय फार्मा कंपनियां अच्छी क्वालिटी और सही कीमत वाले ब्रांडेड प्रोडक्ट्स बाजार में लाती हैं, तो वैश्विक बाजार पर हमारी मजबूत पकड़ बन सकती है।

### दुनिया को सस्ती दवाएं देने में भारत नंबर-1

भारत दुनियाभर में सस्ती जेनेरिक दवाएं सप्लाई करने वाला प्रमुख देश है। अफ्रीका की कुल जेनेरिक दवाओं की जरूरत का करीब 50% हिस्सा भारत पूरा करता है। अमेरिका की 40% जेनेरिक दवाओं की सप्लाई भारत से होती है। के की 25% जेनेरिक दवाओं की मांग भारतीय कंपनियां पूरी करती हैं।

### 2025 में 123.13 लाख करोड़ की दवाओं की डिमांड रही

अगर पूरी दुनिया में दवाओं के कुल कारोबार की बात करें, तो साल 2025 में दुनियाभर में करीब 123.13 लाख करोड़ (1.3 ट्रिलियन) की दवाओं और उनके कच्चे माल की मांग (डिमांड) थी। इसमें से करीब 96.61 लाख करोड़ (1.02 ट्रिलियन) सिर्फ तैयार दवाओं (जैसे टैबलेट, सिरप और कैप्सूल) को खरीदने में खर्च हुए। बाकी के करीब 24.72 लाख करोड़ (261 बिलियन) उन रसायनों और कच्चे माल को खरीदने में खर्च हुए, जिनका इस्तेमाल फैक्ट्रियों में दवाएं बनाने के लिए किया जाता है।

### नीति आयोग के सुझावः पेटेंट और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने की जरूरत

नीति आयोग ने इस निर्भरता को कम करने और भारतीय फार्मा सेक्टर को मजबूत करने के लिए कई अहम सुझाव दिए हैं। भारतीय कंपनियों को अब सिर्फ सस्ती जेनेरिक दवाओं तक सीमित न रहकर ज्यादा कीमत और ऊंचे मार्जिन वाले हाई-वैल्यू फार्मास्युटिकल सेगमेंट में उतरना चाहिए। कॉलेजों/यूनिवर्सिटीज में होने वाली रिसर्च को सीधे फैक्ट्रियों तक पहुंचाने का सिस्टम मजबूत करना होगा, ताकि नए रिसर्च से दवाएं और प्रॉडक्ट्स तेजी से बाजार में आ सकें। दवा और मेडिकल क्षेत्र (लाइफ-साइंसेज) में नई खोजों को बढ़ावा देने के लिए सरकारी नियमों और मंजूरियों की प्रक्रिया को एकदम साफ, आसान और पारदर्शी बनाना होगा।

## क्रिकेटर रोहित शर्मा पद्मश्री से सम्मानितः सिंगर अलका याग्निक ने पद्म भूषण लेने से पहले मोदी के पैर छुए, 65 हस्तियों को मिले पद्म अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में पद्म अवॉर्ड के दूसरे फेज में 65 हस्तियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में 2 पद्म विभूषण, 7 पद्म भूषण और 56 पद्मश्री दिए गए। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस केटी थॉमस को जनसेवा, सीनियर मलयालम जर्नलिस्ट पी नारायणन को साहित्य के लिए पद्म विभूषण दिया गया। झारखंड के पहले मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण दिया गया। अवॉर्ड लेने उनकी पत्नी रूपी सोरेन पहुंची। सिंगर अलका याग्निक ने अवॉर्ड लेने से पहले पीएम नरेंद्र मोदी के पैर छुए। क्रिकेटर रोहित शर्मा, एक्टर आर माधवन को पद्मश्री से नवाजा गया। पुरस्कार पाने वालों में एक्टर ममूटी और पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज भी शामिल रहे। 2026 के पद्म पुरस्कारों के लिए कुल 131 लोगों को चुना गया था। इससे पहले 25 मई को पहले चरण में भारतीय वुमन क्रिकेट टीम कैप्टन हरमनप्रीत कौर, एक्टर धर्मेंद्र समेत 66 हस्तियों पद्म अवॉर्ड दिए गए थे।



### कुश्ती के लिए रूस के कोच व्लादिमीर को मरणोपरांत पद्मश्री

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खेल के क्षेत्र में व्लादिमीर मेस्तविरीश्विली (मरणोपरांत) को पद्मश्री से सम्मानित किया। वे फ्रीस्टाइल रेसलिंग के दिग्गज कोच थे और उन्होंने ग्लोबल रेसलिंग कम्युनिटी पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। उन्होंने भारतीय रेसलिंग टीम के कोच के तौर पर काम किया। उन्होंने सुशील कुमार, योगेश्वर दत्त और बजरंग पुनिया जैसे ओलंपिक मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को गाइड किया और भारत को रेसलिंग में ग्लोबल पावरहाउस बनाने में मदद की।

### हॉकी प्लेयर सविता पूनिया को पद्मश्री अवॉर्ड मिला

पद्मश्री प्राप्त करने वाली हॉकी खिलाड़ी सविता पूनिया भारतीय महिला राष्ट्रीय हॉकी टीम की पूर्व कप्तान, मौजूदा गोलकीपर हैं। इन्हें भारतीय महिला हॉकी की द ग्रेट वॉल के नाम से जाना जाता है। लगातार तीन बार FIH गोलकीपर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। वे कई पीढ़ियों की महिला खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं।

### एक्टर आर माधवन को कला के क्षेत्र में पद्मश्री सम्मान

जाने-माने एक्टर, फ़िल्मिमेकर और स्क्रीनराइटर माधवन रंगनाथन को भारतीय सिनेमा और कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया है।

### एक्टर सतीश शाह को मरणोपरांत पद्मश्री अवॉर्ड, भाई ने लिया

अभिनेता सतीश शाह को मरणोपरांत को कला के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। अवॉर्ड उनके भाई अरविंद ने लिया। चार दशकों के करियर में अपनी बहुमुखी प्रतिभा और कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर सतीश शाह ने कई फिल्मों और यादगार टीवी शो में काम किया।

## लखनऊ अग्निकांड में 15 मौतें, बिल्डिंग ढहाई जाएगी

### यूपी के 48 कोचिंग सेंटर सील; अखिलेश बोले- 1 करोड मुआवजा मिले





**लखनऊ।** लखनऊ की 2 मंजिला इमारत में आग लगने की घटना में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार सुबह 11 बजे हादसे की जांच के लिए SIT और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने इमारत की जांच की। SIT में IPS प्रवीण कुमार और IAS अमृत अभिजात शामिल हैं। SIT यहां से बैगों में भरकर सबूत ले गई। शवों का 7 घंटे तक पोस्टमॉर्टम चला। शव घरवालों को सौंप दिए गए। पश्चिम बंगाल की अनामिका (30) का शव देखकर पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंची मां बेहोश हो गई। जांच में पता चला है कि जिस इमारत में आग लगी, वह अवैध थी। 2016 में गिराने का आदेश हुआ था। बाद में आदेश निरस्त कर दिया गया था। लखनऊ विकास प्राधिकरण के वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया- बिल्डिंग मालिक को नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब मांगा गया है। बिल्डिंग पर बुलडोजर चलेगा। बिल्डिंग रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज के मालिक वीरेंद्र शुक्ला की है। पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर वीरेंद्र समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। LDA के 6 अफसर सस्पेंड कर दिए गए हैं। 14 अफसरों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

# ट्रम्प की धमकी से ईरान नाराज, अमेरिका से बातचीत रोकी

## कहा- दबाव में बात नहीं करेंगे, अमेरिकी अधिकारियों के साथ हाथ भी नहीं मिलाया

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** स्विट्जरलैंड में 21 जून को ईरान और अमेरिका के बीच हुई बातचीत ट्रम्प की धमकी की वजह से खत्म हो गई। ईरानी वार्ताकार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा, करीब 80 मिनट की बातचीत के बाद मुझे पता चला कि ट्रम्प ने हमारे राष्ट्रपति, हमारी वार्ता टीम और हमारे इलाके को लेकर धमकी भरे बयान दिए हैं। गालिबाफ ने कहा कि इसके बाद ईरानी डेलिगेशन ने बैठक खत्म कर दी और वहां से चला गया। उन्होंने बताया कि बाद में अमेरिकी पक्ष ने मध्यस्थों के जरिए एक और बैठक करने की इच्छा जताई, लेकिन ईरान ने इसे स्वीकार नहीं किया। ईरानी टीम ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ हाथ मिलाने और संयुक्त फोटो सत्र में शामिल होने से इनकार कर दिया। इसे लेकर जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने कहा, लोग सोचते हैं कि केवल नेतन्याहू ही बातचीत को नुकसान पहुंचा सकते हैं, लेकिन कई बार ट्रम्प के अचानक और सख्त बयानों से भी तनाव पैदा हो जाता है। दरअसल, जब अमेरिका-ईरान के प्रतिनिधि बातचीत कर रहे थे, तभी ट्रम्प ने ईरान को धमकी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा था कि ईरान तुरंत लेबनान में हिजबुल्ला को परेशानी पैदा करने से रोके। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो हम ईरान पर फिर बहुत सख्त हमला करेंगे। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची स्विट्जरलैंड में आयोजित लेक लूसर्न समिट के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बातचीत करते हुए। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची स्विट्जरलैंड में आयोजित लेक लूसर्न समिट के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बातचीत करते हुए।





**पाक पीएम बोले- अमेरिका-ईरान वार्ता सफल:** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि स्विट्जरलैंड में हुई बातचीत सकारात्मक रही। दोनों पक्ष 60 दिन के भीतर अंतिम समझौते की दिशा में आगे बढ़ने, हाई लेवल कमेटी बनाने और तकनीकी स्तर की वार्ता जारी रखने पर सहमत हुए।

**अमेरिका ने ईरान को 60 दिन तेल बेचने की छूट दी:** ट्रम्प प्रशासन ने ईरानी तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के उत्पादन और बिक्री पर 21 अगस्त तक के लिए प्रतिबंधों में ढील दे दी। अमेरिका का कहना है कि यह फैसला होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही जारी रखने पर ईरानी सहमति के बाद लिया गया।

**ईरान ने कहा- बातचीत के बीच भी सेना पूरी तरह अलर्टः** ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के डिप्टी सेक्रेटरी गदीर नेजामी ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत जारी रहने के बावजूद सेना की तैयारियों में कोई कमी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी खतरे का जवाब देने के लिए ईरानी सेना पूरी तरह तैयार है।

**होर्मुज से तेल टैंकरों की आवाजाही फिर बढ़ने लगी:** करीब 20 लाख बैरल तेल लेकर दो टैंकर होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं। यह टैंकर किस देश के हैं इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई हैं। हालांकि, जहाजों की संख्या अभी भी युद्ध से पहले के स्तर से काफी कम है।

**स्विट्जरलैंड वार्ता के बाद गालिबाफ और अराघची ओमान रवाना:** ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची अमेरिका के साथ बातचीत के बाद ओमान पहुंचे हैं। वहां होर्मुज स्ट्रेट के प्रबंधन पर चर्चा होगी।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**उदयपुरवाटी/सुमेर सिंह राव।** कस्बे में टिटेडा के पास पार्क में मंडल अध्यक्ष एडवोकेट लक्ष्मण राम सैनी की अध्यक्षता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वार उत्सव के रूप में मनाया गया द्य पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गिरधारी लाल राठी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा मंडल अध्यक्ष ने बताया की श्यामा प्रसाद मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक थे उन्होंने एक देश में दो निशान दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे ऐसा आंदोलन का नेतृत्व किया था द्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता व अखंडता के लिए बलिदान दिया

इस मौके पर मंडल महामंत्री अशोक सैनी ,वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र ढेनवाल, उपाध्यक्ष विनोद कुमावत ,सुभाष सैनी, नरसिंह असवाल ,सिंभू दयाल, चोरे लाल सैनी, दौलतराम चावरिया, गिरधारी लाल राठी ,गोपाल दर्जी , राम रतन शर्मा ,मुकेश मीणा, रमेश मीणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मूनशाह की बावड़ी बनेगी पर्यटन स्थल, कलेक्टर ने किया निरीक्षण




**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** झुंझुनूं जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने मंगलवार को उदयपुरवाटी स्थित प्राचीन मूनशाह की बावड़ी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को बावड़ी के जीर्णोद्धार एवं इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नगर पालिका प्रशासन को बावड़ी की तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप इस ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण, पुनरुत्थान और पर्यटन विकास के लिए प्रभावी योजना तैयार की जाए, ताकि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर को शहर की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। लोगों ने बताया कि शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे रहते हैं तथा पिछले पांच वर्षों से नालों की समुचित सफाई नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में सड़कों पर पानी भर जाता है। साथ ही कचरा संग्रहण करने वाले टैंपो भी नियमित रूप से नहीं आते हैं।कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका ईओ तौफिक अहमद, शिविर प्रभारी रामावतार सैनी, पूर्व पार्षद संदीप सोनी, दिनेश सैनी, तेजस छीपा, पिंटू दादूपंथी, पंकज अग्रवाल, हर्षाराम सैनी, हनीष कुरेशी सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## KEDL बिजली विभाग की खुली लुट गन्ने की मशीन का 1 महीने का बिल 2,66,276 रुपए देखकर बैठ गया गरीब का दिल

### KEDL दफ्तर चक्कर काट रहे बिजली उपभोक्ता कोई सुनने वाला नहीं रहा मिल ? भारी हो रहा अत्याचार थक गए चक्कर काट के उपभोक्ता धनराज



आज 23 जून को कोटा श्रीपुरा चौराहे पर गन्ने की मशीन लगा रहे उपभोक्ता धनराज सुमन ने बिजली उपभोक्ता संरक्षण समिति संयोजक हिम्मत सिंह को बुलवा कर अपनी समस्या बताई 2 से 3 हजार प्रतिमाह से अधिक बिल नहीं आया लेकिन अब तो हद कर दी हिम्मत सिंह ने कहा कि बिजली मामलों में आमजन की सुनने वाला कोई नहीं , बिल बढ़ाकर भेज रहे शिकायत करो रसीद कटाओ मीटर जांच कराओ , फ़िज़ूल टेक्स चार्ज लगा रहे , बिल गलत भेजा तो तुरंत सही करो लेकिन गलत भेजकर परेशान करो ही क्यों , बिजली की समस्या बताओ कंप्यूटर फोन उठाए AEN JEN कोई जिम्मेदार सुनने वाला नहीं । कोटा बिजली तंत्र से जनता में भारी आक्रोश है जल्द बड़ा आंदोलन करने पर होना पड़ेगा मजबुर ।

## दूदू जाट समाज विकास समिति के अध्यक्ष बने शिवजीराम चौधरी

### दूदू व मौजमाबाद तहसील के समाज बंधुओं की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ चयन

**दूदू।** जाट समाज विकास समिति भवन दूदू में रविवार को दूदू एवं मौजमाबाद तहसील के जाट समाज बंधुओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के निवर्तमान अध्यक्ष श्रवणजी भामू ने की। बैठक में समाज बंधुओं ने सर्वसम्मति से शिवजीराम चौधरी (पिगुन) को जाट समाज विकास समिति दूदू का अध्यक्ष चुना। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिवजीराम चौधरी ने समाज बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे तथा समाज हित में कार्य करेंगे। बैठक में समाज की एकजुटता, संगठन को मजबूत बनाने और समाज हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। अंत में समाज बंधुओं ने जय तेजाजी महाराज के जयकारों के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया।

# लखनऊ अग्निकांड के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखा पत्रः जयपुर में हादसे से बचने के लिए कोचिंग सेंटरों को कोचिंग हब में शिफ्ट करने की मांग

**लखनऊ कोचिंग सेंटर हादसे में 15 छात्रों की मौत पर गहरा दुःख जताया; दिल्ली और जयपुर के पुराने हादसों का दिया हवाला**

**प्रतापनगर कोचिंग हब को IIT जोधपुर के एक्सटेंशन कैंपस को सौंपने के फैसले का किया विरोध; निर्णय तुरंत वापस लेने की मांग**

**सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोपालपुरा बाईपास पर असुरक्षित कोचिंग सेंटरों के संचालन पर उठाई उंगली; कहा- हादसा हुआ तो सीधी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की होगी**

**दीपचंद शर्मा/जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड में 15 निर्दोष छात्रों की दर्दनाक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस हादसे के मद्देनजर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को एक अत्यंत गंभीर पत्र लिखा है। श्री गहलोत ने ध्यानाकर्षण करते हुए कहा है कि जयपुर के गोपालपुरा बाईपास पर प्रतिदिन एक लाख से अधिक छात्र-छात्राएं बेहद असुरक्षित भवनों में पढ़ने जा रहे हैं, जिससे यहाँ भी कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्र में वर्तमान सरकार द्वारा प्रतापनगर स्थित अत्याधुनिक कोचिंग हब को IIT जोधपुर के एक्सटेंशन कैंपस को सौंपने के निर्णय को छात्रों के हितों के विरुद्ध और संस्थान संचालकों के साथ विश्वासघात बताया है। उन्होंने इस फैसले को तत्काल वापस लेकर सभी कोचिंग संस्थानों को वहां अनिवार्य रूप से शिफ्ट करने और राज्य स्तरीय कोचिंग सेंटर सुरक्षा नीति बनाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखा गया पत्र शब्दशः निम्न प्रकार है- प्रिय श्री भजनलाल जी, 22 जून 2026 को लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर में भीषण आग लगने से 15 निर्दोष छात्रों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। यह कोई पहली घटना नहीं है। जुलाई 2024 में दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बाढ़ का पानी भर जाने से 3 छात्रों की जान गई थी। दिसंबर 2024 में हमारे अपने जयपुर के गोपालपुरा बाईपास स्थित उत्कर्ष कोचिंग सेंटर में गैस रिसाव से 24 छात्र बेहोश हो गए थे। ये तीनों हादसे एक ही सच्चाई की ओर इशारा करते हैं- असुरक्षित भवनों में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर और शासन की घोर उदासीनता। जयपुर के गोपालपुरा बाईपास पर आज भी प्रतिदिन एक लाख से अधिक छात्र-छात्राएं ऐसे कोचिंग सेंटरों में पढ़ने जाते हैं जहाँ अग्निशमन के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, भवन विनियमों का पालन नहीं होता, वेंटिलेशन की व्यवस्था अपर्याप्त है और आपातकालीन निकास तक का ध्यान नहीं रखा जाता। ऐसे में किसी बड़े हादसे की आशंका हमेशा बनी रहती है।

इस समस्या का स्थायी समाधान पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने पहले ही कर दिया था। हमारी सरकार ने लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से प्रतापनगर में एक अत्याधुनिक कोचिंग हब का निर्माण कराया था। यह महज एक भवन नहीं, छात्रों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर बनाया गया एक सुनियोजित परिसर था। इसमें 240 कोचिंग संस्थानों के संचालन की व्यवस्था थी। अत्याधुनिक अग्निशमन प्रणाली, पर्याप्त वेंटिलेशन, लाइब्रेरी, जिम, योगा सेंटर, फूड कोर्ट और हजारों वाहनों की पार्किंग की सुविधा से सुसज्जित इस परिसर में लगभग 140 कोचिंग संस्थान संचालकों ने अमानत राशि जमा कर बुकिंग भी करा ली थी। परंतु आपकी सरकार ने इस प्रोजेक्ट को पूरी तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया। कोचिंग संस्थानों को वहाँ शिफ्ट करने का कोई प्रयास नहीं किया गया, जिसके चलते अधिकांश संस्थान संचालकों ने अपनी जमा राशि वापस ले ली। और अब तो आपकी सरकार ने छात्रों की सुरक्षा के लिए बने इस परिसर को ढ्ढञ्ज जोधपुर के एक्सटेंशन कैंपस को सौंपने का निर्णय कर लिया है। यह निर्णय न केवल जयपुर के लाखों कोचिंग छात्रों के हितों के विरुद्ध है, बल्कि उन संस्थान संचालकों के साथ भी विश्वासघात है जिन्होंने राशि जमा कर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई थी। मैं यह भी स्मरण कराना चाहूँगा कि गोपालपुरा बाईपास आपके विधानसभा क्षेत्र सांगानेर के अंतर्गत आता है। यदि वहाँ कभी कोई बड़ा हादसा हो गया, जो वर्तमान परिस्थितियों में असंभव नहीं है, तो इसकी नैतिक और राजनीतिक जिम्मेदारी सीधे आप पर होगी। इस पृष्ठभूमि में मैं आपसे निम्नलिखित माँगें करता हूँ- प्रतापनगर के कोचिंग हब को ढ्ढञ्ज जोधपुर को सौंपने का निर्णय तत्काल वापस लिया जाए और इसे उसके मूल उद्देश्य यानी कोचिंग संस्थानों के सुरक्षित संचालन के लिए उपयोग में लाया जाए। गोपालपुरा बाईपास सहित जयपुर के सभी कोचिंग सेंटरों का अग्निशमन सुरक्षा और भवन विनियमों के अनुपालन के दृष्टिकोण से तत्काल निरीक्षण कराया जाए और अनियमित संस्थानों पर कार्रवाई की जाए। कोचिंग संस्थान संचालकों को कोचिंग हब में अनिवार्य तौर पर शिफ्ट होने के लिए एक ठोस नीति बनाई जाए और इसके लिए समयबद्ध कार्यक्रम तय किया जाए। लखनऊ और दिल्ली जैसे हादसों की पुनरावृत्ति से राजस्थान के छात्रों को बचाने के लिए राज्य स्तरीय कोचिंग सेंटर सुरक्षा नीति बनाई जाए। यदि ऐसा लगता है कि ढ्ढञ्जको नए परिसर की आवश्यकता है तो उसके लिए एक नई इमारत बनाई जाए परन्तु कोचिंग हब में कोचिंग संस्थानों को ही शिफ्ट किया जाए। लखनऊ अग्निकांड में जिन 15 परिवारों ने अपने होनहार बच्चे खोए हैं, उनका दर्द असहनीय है। इन बच्चों का बलिदान व्यर्थ न जाए। इसके लिए सरकार को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। मुझे आशा है कि आप इस विषय को गंभीरता से लेंगे और अविलंब कार्रवाई करेंगे।

# बूंदी के दो दर्जन कराटे खिलाड़ी क्रमोन्नत हुए, कलर बैल्ट चेंज परीक्षा-2026 सम्पन्न...

**बूंदी।** शहर के छत्रपुरा रोड स्थित जांगीड़ समाज मंदिर हॉल परिसर में मंगलवार को उमंग जूडो-कराटे ×आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में कलर बैल्ट चेंज परीक्षा-2026 का सफल आयोजन किया गया।

परीक्षा का संचालन जयपुर से आए कराटे मास्टर सिंहान राजेश मीणा, ब्लैक बेल्ट पारस जैन तथा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कपिल यादव द्वारा किया गया। परीक्षा में दो दर्जन कराटे खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा में खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता, अनुशासन, कराटे तकनीकों का मूल्यांकन किया गया।




उमंग जूडो-कराटे ×आत्मरक्षा प्रशिक्षण केंद्र की संचालिका सेंसाई शिल्पा जैन एवं डायरेक्टर अभय जैन ने बताया कि खिलाड़ी शिवांश अरोड़ा, हर्षित नागर, वैभव शर्मा,आराध्या सौलंकी, द्विव्यांशी गौतम ने (यल्लो बैल्ट), खिलाड़ी लक्ष्मी मेघवाल, स्वराज श्री, गुनिष्का जैन ,निलाक्ष राठौर ने (औरेंज बैल्ट ) में, वहीं खिलाड़ी काव्यांश सिंह हाड़ा , लक्ष्मी मीणा,हिमाक्ष सोनी,आरना योगी, सान्विका योगी, विहान मीणा, ने (ग्रीन बेल्ट), और ब्राउन- 3 में खिलाड़ी भव्यम शर्मा, मोहित कुमार मेघवाल, और चंचल राठौर में। क्रमोन्नत हुए। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी हर्षवर्धन सिंह चूंडावत ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेंसाई शिल्पा जैन एवं डायरेक्टर अभय जैन ने बताया कि इस परीक्षा में खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता, अनुशासन, आत्मरक्षा कौशल तथा कराटे तकनीकों का मूल्यांकन किया गया।

## सोजत के नवनियुक्त एसडीएम रविप्रकाश ने संभाला पदभार, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर रहेगा फोकस



**सोजत सिटी/मीठालाल पंवार।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के अधिकारी रविप्रकाश ने सोमवार को सोजत उपखंड अधिकारी (एसडीएम) के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे लोहावट से स्थानांतरित होकर सोजत पहुंचे हैं। रविप्रकाश वर्ष 2021 बैच के आरएएस अधिकारी हैं तथा इससे पूर्व रामसर, जैतारण और पिंडवाड़ा में एसडीएम के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वे मूल रूप से जोधपुर के निवासी हैं।

पदभार ग्रहण करने के बाद रविप्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ-साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, शांति एवं आपसी सौहार्द को मजबूत करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि सोजत में पूर्व में कार्यरत एसडीएम मासिंगाराम जांगिड़ का स्थानांतरण मांगरोल (बारां) कर दिया गया है। स्थानांतरण के अवसर पर कार्यालय स्टाफ द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। वहीं, नए एसडीएम रविप्रकाश के पदभार ग्रहण करने पर कार्यालय परिसर में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। स्टाफकर्मियों ने माला एवं साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर एसडीएम कार्यालय के हरेंद्र सिंह, भगवानसिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा जयपुर शहर द्वारा श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी आयोजित

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर द्वारा राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रखर प्रवक्ता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्रनायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन भाजपा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल की अध्यक्षता में श्री महावीर पब्लिक स्कूल, जयपुर में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उपस्थित वक्ताओं ने उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान, अदम्य साहस, त्याग, बलिदान तथा अखंड भारत के प्रति उनके अटूट संकल्प को स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता घनश्याम तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें युवा जनसंघ के राजस्थान अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का अवसर मिला था, जिसके माध्यम से उन्होंने डॉ. मुखर्जी के विचारों को निकटता से समझा। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। जम्मू-कश्मीर में लागू विशेष प्रावधानों का विरोध करते हुए उन्होंने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का उद्घोष किया तथा इसी उद्देश्य को लेकर जनआंदोलन का नेतृत्व किया। श्री तिवारी ने कहा कि कश्मीर की धरती पर हुआ उनका बलिदान भारत की एकता और अखंडता के लिए दिया गया सर्वोच्च बलिदान था। उन्होंने कहा कि जिस कश्मीर के लिए डॉ. मुखर्जी ने संघर्ष किया, वह भारत का अभिन्न अंग था, है और सदैव रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि संसद द्वारा अनुच्छेद 370 एवं 35ए को समाप्त किया जाना डॉ. मुखर्जी के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक निर्णय है तथा आज देश उनके सपनों के भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अमित गोयल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकात्मता का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी भारत को एक सूत्र में पिरोने के साथ-साथ उसकी सांस्कृतिक परंपराओं एवं राष्ट्रीय पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखना चाहते थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने वर्ष 1951 में मंत्री पद से त्यागपत्र देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की। श्री गोयल ने कहा कि राष्ट्रहित के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे देश सदैव स्मरण रखेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 की समाप्ति डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई है। मीडिया सह प्रभारी नयन माधाणी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, चंद्र मोहन बटवारा, जयपुर प्रभारी प्रभु लाल सैनी, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी, जिला महामंत्री नवरत्न नराणिया, रेखा राठौड़, राजेश तांबी सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 'शक्ति दिवस' पर बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की हुई एनीमिया की स्क्रीनिंग, मिला उपचार

### पोषणयुक्त आहार लेने हेतु किया जागरूक



**जयपुर द्वितीय।** जिले में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें मौसमी बीमारियों और पोषण माह के अंतर्गत पोषणयुक्त आहार लेने हेतु किया जागरूक किया गया। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि शक्ति दिवस में बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।

# मेनका गांधी जैन समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा होगा राष्ट्रव्यापी आंदोलन : अभिषेक जैन बिट्टू

**जयपुर।** अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा नेत्री मेनका गांधी द्वारा जैन साधु-संतों की पिच्छिका (पिछी) को लेकर दिए गए कथित बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे जैन धर्म, उसकी वैज्ञानिक परंपराओं और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर आघात बताया है। संघ ने मांग की है कि मेनका गांधी तत्काल जैन समाज से सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांगें, अन्यथा देशव्यापी लोकतांत्रिक आंदोलन चलाया जाएगा। संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा कि मेनका गांधी का बयान उनके अधूरे ज्ञान और तथ्यों की जानकारी के अभाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत में जैन मुनि, साधु एवं साध्वियों की कुल संख्या लगभग 15 से 18 हजार के बीच है, जबकि दिगंबर परंपरा में आचार्य, मुनि, एलक, क्षुल्लक एवं आर्यिकाओं की संख्या लगभग 400 से 600 के बीच रहती है। लगातार विहार, कठोर तप और संयमपूर्ण जीवन के कारण उनकी संख्या स्वाभाविक रूप से सीमित रहती है। अभिषेक जैन बिट्टू ने स्पष्ट किया कि श्वेतांबर परंपरा के साधु-साध्वियां मोर पंखों का उपयोग नहीं करते हैं। केवल दिगंबर मुनि पिच्छिका धारण करते हैं, जिसका उद्देश्य जीवों की रक्षा करना और अहिंसा के सिद्धांत का पालन करना है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तथ्य यह है कि मोर प्रत्येक वर्ष प्रजनन काल के पश्चात अगस्त-सितंबर के दौरान अपने लंबे पंख प्राकृतिक रूप से स्वयं गिरा देता है। इस प्रक्रिया को मोल्टिंग कहा जाता है। इन गिरे हुए पंखों को एकत्रित कर पिच्छिका बनाई जाती है। किसी भी मोर को मारकर या उसे नुकसान पहुंचाकर पंख प्राप्त नहीं किए जाते। इसके विपरीत जैन परंपरा में किसी भी जीव को कष्ट पहुंचाना धर्म विरुद्ध माना जाता है। उन्होंने कहा कि दिगंबर मुनि सामान्यतः चातुर्मास के पश्चात दीपावली के आसपास अपनी पिच्छिका का परिवर्तन करते हैं। इसका कारण यह होता है कि लंबे समय तक उपयोग के कारण पिच्छिका के डंठल कठोर हो जाते हैं, जिससे जीवों की रक्षा हेतु की जाने वाली मार्जन प्रक्रिया प्रभावी रूप से नहीं हो पाती। यह परिवर्तन भी उन्हीं प्राकृतिक रूप से प्राप्त पंखों से किया जाता है जो मोरों द्वारा स्वयं त्यागे गए होते हैं।

अभिषेक जैन बिट्टू ने प्रश्न उठाया कि जब मोर हर वर्ष स्वाभाविक रूप से अपने पंख छोड़ते हैं और देश में उनकी संख्या लाखों में है तथा पिछले वर्षों में लगातार बढ़ी है, तब यह आरोप कैसे लगाया जा सकता है कि जैन मुनियों की पिच्छिका के कारण हजारों मोरों की मृत्यु होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे निराधार आरोप समाज में भ्रम फैलाने वाले हैं और तथ्यों से परे हैं।

उन्होंने कहा कि जैन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन अहिंसा प्रधान धर्म है, जहां सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव की रक्षा का विचार किया गया है। जैन धर्म की प्रत्येक परंपरा वैज्ञानिक दृष्टिकोण, करुणा और जीवदया पर आधारित है। किसी भी विषय पर सार्वजनिक टिप्पणी करने से पहले उसके धार्मिक और वैज्ञानिक पक्ष को समझना आवश्यक है। संघ ने मांग की कि मेनका गांधी अपने बयान पर पुनर्विचार करें, जैन समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए सार्वजनिक क्षमा याचना करें तथा भविष्य में किसी भी धर्म और उसकी परंपराओं के संबंध में तथ्यहीन टिप्पणी करने से बचें।

### प्रमुख मांगें

* मेनका गांधी जैन समाज से सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांगें।
* जैन साधु-संतों एवं पिच्छिका को लेकर दिए गए कथित बयान को वापस लिया जाए।
* धार्मिक विषयों पर बिना तथ्य एवं प्रमाण के टिप्पणी करने से बचा जाए।
* जैन धर्म एवं उसकी अहिंसक परंपराओं के संबंध में फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर किया जाए।
* माफी नहीं मांगने की स्थिति में राष्ट्रव्यापी लोकतांत्रिक आंदोलन एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





## निर्मल मन फाउण्डेशन दर्शन यात्रा-2026

# श्रद्धालुओं ने प्रसिद्ध मंदिरों में किए दर्शन, चित्तौड़ा का किला देख हुए अभिभूत







**जयपुर।** धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निर्मल मन फाउण्डेशन द्वारा आयोजित दर्शन यात्रा-2026 श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और राजस्थान के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य बनाया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन के साथ-साथ राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति, इतिहास और स्थापत्य कला का भी अवलोकन किया। यात्रा का शुभारम्भ शनिवार, 20 जून 2026 की रात्रि 10 बजे वाटिका, जयपुर से हुआ। यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने भगवान का स्मरण कर मंगलमय यात्रा की कामना की। बस में भजन-कीर्तन, धार्मिक चर्चा एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालु अपने पहले पड़ाव की ओर रवाना हुए।

### चारभूजा धाम में प्राप्त हुई आध्यात्मिक शांति

यात्रा का पहला प्रमुख पड़ाव मेवाड़ क्षेत्र का प्रसिद्ध तीर्थस्थल चारभूजा धाम रहा। यहां भगवान विष्णु के चारभुजा स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर की भव्यता और धार्मिक वातावरण ने सभी का मन मोह लिया। प्रात:कालीन आरती में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं ने अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया।

### लक्ष्मण झूला और प्राकृतिक सौंदर्य ने किया आकर्षित

चारभूजा धाम के बाद यात्रा लक्ष्मण झूला क्षेत्र की ओर बढ़ी। यहां के प्राकृतिक सौंदर्य, पर्वतीय वातावरण और शांत परिवेश ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालुओं ने प्रकृति के बीच समय बिताया और ईश्वर की सृष्टि की अद्भुत सुंदरता का अनुभव किया। यात्रा में शामिल बच्चों और युवाओं ने यहां विशेष उत्साह दिखाया। सभी ने स्मृति के रूप में अनेक तस्वीरें लीं और अपने अनुभव साझा किए।

### श्री रूपनारायण जी के दर्शन से हुआ मन प्रफुल्लित

यात्रा के अगले चरण में श्रद्धालु श्री रूपनारायण जी मंदिर पहुंचे। मंदिर में भगवान के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने परिवार और समाज की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मंदिर में आयोजित पूजा-अर्चना में सभी ने भाग लिया। मंदिर के पुजारियों द्वारा श्रद्धालुओं को मंदिर की परम्पराओं और धार्मिक महत्व की जानकारी दी गई। भक्तिमय वातावरण में सभी श्रद्धालु भाव-विभोर दिखाई दिए।

### नाथद्वारा में श्रीनाथजी के दर्शन बने यात्रा का विशेष आकर्षण

दर्शन यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव नाथद्वारा स्थित श्रीनाथजी मंदिर रहा। यहां पहुंचते ही श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। भगवान श्रीनाथजी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतारबद्ध होकर मंदिर पहुंचे। मंदिर में भगवान के दिव्य स्वरूप, भव्य श्रृंगार और अलौकिक वातावरण ने सभी का मन मोह लिया। दर्शन के दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें श्रद्धा से नम हो गईं। मंदिर परिसर में जय श्रीनाथ के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने बताया कि श्रीनाथजी के दर्शन उनके जीवन के सबसे सुखद और पवित्र अनुभवों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान के दर्शन से उन्हें आत्मिक शांति और नई ऊर्जा प्राप्त हुई।

### 251 फीट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा के दर्शन

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने 251 फीट ऊंची भगवान शिव की विशाल प्रतिमा के दर्शन भी किए। प्रतिमा की भव्यता और विशालता को देखकर सभी आश्चर्यचकित रह गए। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के समक्ष पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। विशाल प्रतिमा के आसपास का वातावरण अत्यंत आकर्षक और आध्यात्मिक था। श्रद्धालुओं ने यहां लंबे समय तक रुककर दर्शन किए और स्मृति चित्र भी लिए।

### उदयपुर भ्रमण ने छोड़ी अमिट छाप

धार्मिक स्थलों के दर्शन के बाद यात्रा दल उदयपुर पहुंचा। झीलों की नगरी उदयपुर की सुंदरता देखकर सभी श्रद्धालु अभिभूत हो गए। शहर की स्वच्छता, ऐतिहासिक धरोहरें और प्राकृतिक सौंदर्य ने सभी का मन मोह लिया।

### फतेहसागर झील पर हुआ भव्य भंडारा

उदयपुर भ्रमण के दौरान प्रसिद्ध फतेहसागर झील की पाल पर भव्य भोजन भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर प्रसादी ग्रहण की। सामूहिक भोजन ने सभी में भाईचारे और एकता की भावना को और मजबूत किया। झील का मनोहारी दृश्य, ठंडी हवाएं और धार्मिक वातावरण ने इस आयोजन को और भी यादगार बना दिया। सभी श्रद्धालुओं ने संस्था द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

### सहेलियों की बाड़ी और सुखाड़िया सर्किल का किया भ्रमण

उदयपुर में श्रद्धालुओं ने प्रसिद्ध सहेलियों की बाड़ी का भ्रमण किया। यहां की ऐतिहासिक संरचनाएं, सुंदर उद्यान और फव्वारे सभी को आकर्षित कर रहे थे। इसके बाद श्रद्धालु सुखाड़िया सर्किल पहुंचे जहां उन्होंने स्थानीय संस्कृति और पर्यटन स्थलों का आनंद लिया।

### हॉरर हाउस और भूलभुलैया ने बढ़ाया रोमांच

यात्रा में धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के साथ मनोरंजन का भी विशेष ध्यान रखा गया। श्रद्धालुओं ने हॉरर हाउस और भूलभुलैया का भ्रमण किया। यहां बच्चों और युवाओं ने विशेष आनंद लिया। रोमांचक अनुभवों ने यात्रा को और अधिक रोचक बना दिया। सभी प्रतिभागियों ने इन गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया।

### सांवरिया सेठ के दरबार में हुए नतमस्तक

उदयपुर भ्रमण के पश्चात यात्रा दल प्रसिद्ध सांवरिया सेठ मंदिर के लिए रवाना हुआ। प्रात:काल सभी श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और मंगल आरती में भाग लिया। मंदिर में भगवान के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। सांवरिया सेठ के दरबार में भक्तों की आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रार्थना की। मंगल आरती के दौरान पूरा वातावरण भक्तिरस में डूबा हुआ था। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की।

### चित्तौड़गढ़ किले ने कराया इतिहास का साक्षात्कार

सांवरिया सेठ के दर्शन के पश्चात यात्रा दल चित्तौड़गढ़ के लिए रवाना हुआ। यहां पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भारत के गौरवशाली इतिहास के प्रतीक चित्तौड़गढ़ किले का भ्रमण किया। किले की विशालता, स्थापत्य कला और ऐतिहासिक महत्व को देखकर सभी श्रद्धालु आश्चर्यचकित रह गए। उन्होंने महसूस किया कि यह केवल एक किला नहीं बल्कि वीरता, बलिदान और स्वाभिमान की अमर गाथा है।

### विजय स्तंभ और पद्मिनी महल ने किया प्रभावित

किले के भीतर स्थित विजय स्तंभ को देखकर श्रद्धालु उसकी अद्भुत वास्तुकला की प्रशंसा करते नहीं थके। इसके बाद उन्होंने पद्मिनी महल का भ्रमण किया और रानी पद्मिनी के त्याग एवं साहस की कहानी को जाना। श्रद्धालुओं ने कहा कि इतिहास की इन अमूल्य धरोहरों को देखकर उन्हें अपने गौरवशाली अतीत पर गर्व महसूस हुआ।

### जौहर स्थल देखकर हुए भावुक

चित्तौड़गढ़ भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने जौहर स्थल भी देखा। यहां पहुंचकर सभी ने उन वीरांगनाओं के बलिदान को नमन किया जिन्होंने स्वाभिमान और सम्मान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। कई श्रद्धालु इस ऐतिहासिक स्थल को देखकर भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थान हमें अपने इतिहास और संस्कारों की याद दिलाते हैं।

### श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे कार्यकर्ता

पूरी यात्रा के दौरान संस्था के कार्यकर्ता रोशन झा एवं कविता झा ने श्रद्धालुओं की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यात्रा की व्यवस्थाओं, भोजन, आवास एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा। श्रद्धालुओं ने दोनों कार्यकर्ताओं के समर्पण, सेवा भावना और सहयोग की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सभी ने कहा कि उनकी मेहनत के कारण यात्रा अत्यंत सुचारु एवं सफल रही।

### सफल रही दर्शन यात्रा

यात्रा के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने निर्मल मन फाउण्डेशन के प्रति आभार व्यक्त किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस यात्रा ने उन्हें आध्यात्मिक शांति, सांस्कृतिक ज्ञान और ऐतिहासिक चेतना प्रदान की है। यात्रा के दौरान प्राप्त अनुभव जीवनभर उनकी स्मृतियों में बने रहेंगे। निर्मल मन फाउण्डेशन की यह दर्शन यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का भी माध्यम सिद्ध हुई। श्रद्धालुओं के चेहरों पर संतोष, प्रसन्नता और भक्ति की झलक स्पष्ट दिखाई दे रही थी। सभी ने भविष्य में भी ऐसी यात्राओं के आयोजन की कामना की और संस्था के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# गुजरात में आप विधायक को 7 साल की जेलः विधायकी खत्म

## वन्यकर्मियों से मारपीट-वसूली के मामले में पत्नी समेत 9 को मिली सजा

**नर्मदा ( गुजरात )।** गुजरात में डेडियापाड़ा सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक चैतर वसावा की विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है। नर्मदा जिले की कोर्ट का फैसला आने के बाद गुजरात के डिप्टी स्पीकर पूर्णेश मोदी ने इसकी जानकारी दी। नर्मदा जिले की एक कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक चैतर वसावा, उनकी पत्नी और 7 अन्य को 7-7 साल जेल की सजा सुनाई है। इन पर वन-विभाग के अधिकारियों से मारपीट और वसूली का आरोप था। सजा के अलावा विधायक की पत्नी और अन्य पर 96 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। कुल 9 आरोपियों में 4 महिलाएं शामिल हैं। मामला 30 अक्टूबर 2023 का है। आरोप है कि वन विभाग के अधिकारियों ने जंगल की जमीन पर हुए अतिक्रमण हटा दिए थे। इस पर वसावा ने पांच अधिकारियों को अपने घर बुलाया था। प्राथमिकी के मुताबिक, चैतर वसावा और उनके साथियों ने अधिकारियों के साथ मारपीट की और प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा देने के नाम पर उनसे वसूली भी की थी।



### आर्म्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज था

अभियोजन पक्ष के अनुसार, चैतर वसावा ने इस दौरान हवाई फायरिंग भी की थी। आरोप है कि जिस हथियार का इस्तेमाल किया गया, उसके लिए उनके पास वैध लाइसेंस नहीं था। इसके चलते उन पर आर्म्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया था।

### अधिकारियों ने ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर किए थे

इस घटना के अगले ही दिन, चैतर वासावा के पीए और अन्य लोगों ने दो अधिकारियों से 30-30 हजार रुपए की फिरौती मांगी थी। चूंकि वन कर्मचारियों के पास पैसे नहीं थे। इसलिए उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारी को बुलाया और दो अधिकारियों ने 60 हजार रुपए ऑनलाइन पीए और अन्य आरोपियों के खातों में ट्रांसफर किए थे। कोर्ट में इसे सबूत के तौर पर पेश किया गया था।

### मामले में PA और 6 गांववाले भी थे आरोपी

इस मामले में चैतर वसावा के अलावा उनकी पत्नी शकुंतला वसावा, निजी सहायक जितेंद्र वसावा और 6 ग्रामीणों को आरोपी बनाया गया था। शकुंतला वसावा उस समय नर्मदा जिला पंचायत की सदस्य थीं। घटना के बाद कुछ आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि, चैतर वसावा कई दिनों तक पुलिस की पकड़ से बाहर रहे। उन्होंने 14 दिसंबर 2023 को सरेंडर किया था। बाद में 2024 के लोकसभा चुनाव में भरूच सीट से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्हें जमानत मिल गई थी।

### 2022 के विधानसभा चुनाव में जीत से चर्चा में आए थे

चैतर वसावा आप के टिकट पर साल 2022 के विधानसभा चुनाव में डेडियापाड़ा सीट से जीतकर चर्चा में आए थे। उनकी जीत ने दक्षिण गुजरात के आदिवासी इलाके में आप को मजबूत आधार दिया था। चैतर वसावा ने खुद को आदिवासी भूमि अधिकारों के प्रमुख नेता के रूप में स्थापित किया है। हालांकि, अब अदालत के फैसले ने उनकी राजनीतिक राह मुश्किल कर दी है। चैतर वसावा के बाद सेशंस कोर्ट के फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती देने का विकल्प खुला हुआ है, लेकिन अब दो साल से अधिक सजा होने के कारण उनकी विधायकी पर खतरा मंडरा रहा है। पुलिस ने जो धाराएं लगाई थीं, उनमें अधिककम 10 साल की सजा का प्रावधान था।

### ईडी पार्टी ने साजिश रचकर फंसायाः केजरीवाल

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अदालत ने चैतर वासावा को आज सात साल की जेल की सजा सुनाई है। चैतर वासावा गुजरात के आदिवासी समुदाय के एक बहुत बड़े नेता हैं। आदिवासी समुदाय के लिए चंदा लेने वाली ईडी पार्टी उस पैसे को आदिवासियों पर खर्च करने के बजाय हड़प लेती है। चैतर वसावा ने कई बार इसके खिलाफ आवाज उठाई है। पिछले कुछ महीनों में ईडी पार्टी ने साजिश रचकर उन पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें फंसा दिया। ईडी पार्टी जानती थी कि जब तक चैतर वासावा इस इलाके में हैं। तब तक ईडी पार्टी का कोई विधायक यहां से नहीं जीत पाएगा।

# मानसून 13 दिन लेट मुंबई पहुंचा, झमाझम बारिश जारी

### इसी हफ्ते एमपी-यूपी पहुंच जाएगा; दिल्ली में धूल भरी आंधी, दिन में अंधेरा छाया




**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना।** मानसून 13 दिन की देरी के बाद मंगलवार को मुबंई पहुंच गया है। आमतौर पर मानसून 10 जून तक मुंबई पहुंच जाता है। मानसून के पहुंचते ही शहर के कई इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण पश्चिम मानसून तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुछ इलाकों में आगे बढ़ गया है। अगले 2-3 दिनों में गुजरात और मध्य प्रदेश में पहुंच सकता है। इसके बाद 3-4 दिनों में उत्तर प्रदेश में भी एंट्री होगी। दिल्ली में मंगलवार दोपहर को धूल भरी आंधी चली। इससे कुछ देर के लिए दिन में ही अंधेरा छा गया। वहीं, मध्य प्रदेश के 17 जिलों में सोमवार को बारिश हुई। छतरपुर में बिजली गिरने से दो लड़कियां झुलस गईं। इनमें से एक की अस्पताल में मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के 6 शहरों में सोमवार दोपहर बाद बारिश हुई। बस्ती में आंधी-बारिश की वजह से पेड-पोल उखड गए। एक पेड कार पर गिरा।

### हैदराबाद में कॉलोनियों में पानी भरा, उत्तर भारत में मानसून लेट पहुंचेगा

हैदराबाद में तेज बारिश हुई। कई सड़कों और कॉलोनियों में पानी भर गया। कई इलाकों में बिजली भी गुल रही। मंगलवार सुबह 5 बजे तक केथीरेड्डीपल्ली में 12.9 सेमी, चंदानगर में 12.7 सेमी और लिंगमपल्ली में 11.7 सेमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने तेलंगाना के जगतियाल, राजन्ना सिरसिल्ला, मेडक और कामारेड्डी जिलों में मंगलवार को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मुंबई में भी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विभाग ने गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी दी है। मध्य प्रदेश, विदर्भ और उत्तर प्रदेश को मानसून के लिए एक हफ्ता और इंतजार करना पड सकता है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब को जुलाई तक इंतजार करना होगा। सोमवार तक देश में सामान्य 106 मिमी की तुलना में सिर्फ 60.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। यानी अभी तक 43न कम बारिश हुई है।

# केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन का इस्तीफा

### 21 जून को राज्यसभा कार्यकाल खत्म हुआ था; भाजपा ने दोबारा उम्मीदवार नहीं बनाया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को कुरियन के इस्तीफे की जानकारी दी। प्रेस रिलीज में बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पीएम नरेंद्र मोदी की सलाह पर उनका इस्तीफा स्वीकार किया है। हालांकि, इस्तीफे की वजह नहीं बताई गई है। 65 साल के कुरियन मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद पर थे। वे अगस्त 2024 से मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद थे। बतौर राज्यसभा सांसद 21 जून को ही उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। भाजपा ने उन्हें फिर से उम्मीदवार नहीं बनाया था। कुरियन केरल में भाजपा के सीनियर नेताओं में एक हैं। माना जा रहा है कि हाल ही में केरल विधानसभा चुनावों में पार्टी के उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न करने की वजह से उन्हें फिर से मौका नहीं मिला।

### मोदी-शाह के भाषणों को ट्रांसलेट करते थे कुरियन

कुरियन केरल के प्रमुख ईसाई संप्रदाय सीरो-मालाबार कैथोलिक चर्च से आते हैं। वे टीवी डिबेट्स में भाजपा का प्रमुख चेहरा रहे हैं। कुरियन केरल दौरों के दौरान पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के भाषणों का मलयालम में ट्रांसलेशन भी करते रहे हैं।

# चलती कार में चालक को पड़ा दौरा, कई गाड़ियों को मारी टक्कर, 1 की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में रखियाल इलाके में एक भयानक हादसा हुआ। अजीत मिल ब्रिज से गरीब नगर की ओर जाने वाली सड़क पर चलती कार में कार चालक को अचानक दौरा पड़ गया। इसके बाद ड्राइवर का स्टीयरिंग से कंट्रोल हट गया और कार कई गाड़ियों से टकरा गई। इस हादसे में एक लड़की की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



### टाटा हैरियर कार से जा रहा था परिवार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ओढव में विराट नगर रोड पर श्रद्धा बंगले के रहने वाले 40 वर्षीय मयंककुमार दीपकभाई पटेल अपनी सफेद टाटा हैरियर कार से जा रहे थे। कार में उनकी पत्नी डिंपलबेन और बेटा कर्मा भी थे। रात करीब 9:40 बजे, अजीत मिल ब्रिज से उतरते समय मयंककुमार को अचानक दौरा पड़ा, जिससे गाड़ी पर उनका कंट्रोल पूरी तरह खत्म हो गया।

### बेकाबू होकर टकराई कार

गरीब नगर चौराहे के पास बेकाबू हुई कार पहले एक ऑटो-रिक्शा से टकराई, फिर सड़क से गुजर रहे तीन एक्टिवा सवारों और एक बाइक सवार को टक्कर मारी। इसके बाद कार पास की एक दुकान में जा घुसी और लोगों को कुचल दिया। घटना होते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर 500 से ज़्यादा लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### पुलिस दर्ज करेगी बयान

इस मामले में आधिकारिक जानकारी देते हुए ॥ डिवीजन ट्रैफिक **PI** एचवी धंधुकिया ने बताया कि सभी घायलों और कार ड्राइवर मयंककुमार पटेल को तुरंत इलाज के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। कार ड्राइवर की हालत गंभीर होने के कारण अभी उनका बयान नहीं लिया जा सका है। दूसरी ओर, घटना की गंभीरता को देखते हुए विधायक दिनेश कुशवाहा, 2 **ACP** और एक **PI** समेत पुलिस का एक बड़ा दल मौके पर पहुंचा और स्थिति को काबू में किया। ट्रैफिक पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

# धर्मेंद्र प्रधान बोले- कॉकरोच जनता पार्टी दहशतगर्तों की बी टीम

## सीजेपी ने नीट पेपर लीक को लेकर शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा था

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कॉकरोच जनता पार्टी को दहशतगर्तों की बी टीम बताया। दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा- जिन्हें डेमोक्रेसी में रिजेक्ट कर दिया गया था, वे भेष बदलकर आए हैं और अब सिस्टम के पीछे पड़े हैं। वे उन लोगों के लिए नारे लगाते हैं जो देश को बांटना चाहते हैं। उनकी पहचान हो गई है। दरअसल, सोशल मीडिया संगठन सीजेपी पिछले 4 दिन से दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहा है। फाउंडर अभिजीत दीपके ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। शिक्षा माफियाओं को घुटने पर लाएंगे- कुछ लोग जानबूझकर शिक्षा को डिरेल करने की कोशिश कर रहे हैं। फिर चाहे वो कोचिंग सेंटर वाले हों या फिर शिक्षा माफिया हों, इन पर नजर रखी जा रही है। हम इन्हें घुटने पर लाएंगे, नहीं तो हम देश के बच्चों के भविष्य को सुरक्षित नहीं कर सकते हैं। स्टूडेंट्स के सुसाइड पर राजनीति- सुसाइड करने वाले बच्चों की फोटो लगाकर राजनीति करना कांग्रेस का निम्न स्तर का काम है। परीक्षा से 2-3 दिन पहले सुसाइड करने वाले बच्चों की लिस्ट निकालते हैं, इससे घिनौना कम कुछ नहीं हो सकता है। राहुल गांधी या कांग्रेस की तरफ से सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए एक भी पॉजिटिव सुझाव नहीं मिला है। CBSE पोर्टल पर 38 लाख साइबर हमले- सीबीएसई री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर दो घंटे के अंदर 38 लाख साइबर हमले हुए थे। कुछ लोग अराजकता फैलाना चाहते हैं। देश के पास पर्याप्त क्षमता है। हमें कई अच्छे सुझाव मिले हैं। देश को नया एजुकेशन सिस्टम अपनाना होगा। हम इस बार से काम पर लग गए हैं, अगले साल नीट की परीक्षा सीबीटी मोड में होगी। रक्षक शिक्षक ही भक्षक बने- हमारे देश में जो मेधावी विद्यार्थी हैं, उन्होंने अच्छा किया है और सभी के अच्छे नंबर आने वाले हैं। एनटीए ने जिन पर भरोसा किया था, ऐसे कुछ शिक्षकों ने अपना दायित्व नहीं निभाया, रक्षक ही भक्षक बन गए। राहुल गांधी की कोटा में रैली पर- विपक्ष को सवाल पूछने का अधिकार है। लेकिन री-एग्जाम से तीन दिन पहले कोटा में जाकर दहशत पैदा करते हैं स्टूडेंट्स के मन में भय पैदा करते हैं। उनकी मंशा थी कि 21 की परीक्षा खराब हो जाए। पिछली सरकारों ने जनता का शोषण किया- प्रधानमंत्री ने भारत इनोवेट्स नाम से नया इनिशिएटिव लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा और देश की जरूरतों के अनुसार शिक्षा को आगे बढ़ाना है। पिछली सरकारों ने इन जरूरतों को नजरअंदाज किया और जनता का केवल शोषण किया। कुछ लोग देश को बदनाम करने की राजनीति कर रहे हैं, लेकिन अब जनता उन्हें पहचानने लगी है। अबू धाबी सेंटर विवाद पर- स्टूडेंट के पिता ने खुद अबू धाबी सेंटर मांगा था। जब यह मामला सामने आया तो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कुछ ही घंटों में एक्शन लिया और सेंटर बदलकर नागपुर कर दिया। एनटीए ने जब फैक्ट सामने आकर बताए इसके बाद से राहुल मुंह छिपाकर घूम रहे हैं।



### राहुल ने कहा- शिक्षा व्यवस्था आज वसूली तंत्र बना

राहुल गांधी ने 17 जून को कोटा में स्टूडेंट्स के साथ एक रैली की थी। सुसाइड करने वाले स्टूडेंट्स की फोटो भी मंच पर लगाई गई थी। इस दौरान उन्होंने कहा था- भारत की शिक्षा व्यवस्था वसूली तंत्र बन गई है। देश का एजुकेशन सिस्टम युवाओं के सपने पूरे नहीं करता, सिर्फ उन्हें ऑप्शन देता है। आज लाखों युवा कह रहे हैं - इस व्यवस्था ने हमारे साथ अन्याय किया है। राजस्थान के कोटा में आयोजित रैली में राहुल ने स्टूडेंट्स को संबोधित किया। कोटा में बड़ी संख्या में नीट और आईआईटी जेईई एंट्रेस एग्जाम की तैयारी करने वाले छात्र कोचिंग करते हैं। राजस्थान के कोटा में आयोजित रैली में राहुल ने स्टूडेंट्स को संबोधित किया। कोटा में बड़ी संख्या में नीट और आईआईटी जेईई एंट्रेस एग्जाम की तैयारी करने वाले छात्र कोचिंग करते हैं।

# गुजरात में 76% कम बारिश, गर्मी का सितम जारी

**अल नीनो के असर से मॉनसून प्रभावित हो रहा है. गुजरात में जून महीने में अब तक औसत से 76 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है, जिससे किसानों की खरीफ फसल पर असर पड़ने की संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में मॉनसून आने में अभी 3 से 5 दिन और लग सकते हैं**

**अहमदाबाद।** इस बार अल नीनो के असर से गुजरात में अभी तक मॉनसून की औपचारिक शुरुआत नहीं हुई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, जून महीने में अब तक औसत से 76 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। राज्य में मॉनसून आने के लिए अभी 3 से 5 दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। अहमदाबाद मौसम विभाग के डायरेक्टर अशोक कुमार दास ने बताया कि उत्तर गुजरात से सौराष्ट्र होते हुए पश्चिम मध्य अरब सागर तक एक ट्रफ (निम्न दबाव की रेखा) बनी हुई है। इसी वजह से गुजरात के कई इलाकों में हल्की से सामान्य बारिश हो रही है। लेकिन पूरे राज्य में आधिकारिक मॉनसून घोषित होने के लिए अभी कुछ दिन और लग सकते हैं।



### तापमान में कोई खास राहत नहीं

राज्य में अभी भी गर्मी का सितम जारी है। बीते दिन अहमदाबाद में सबसे ज्यादा तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.8 डिग्री ज्यादा है। राजकोट और सुरेन्द्रनगर में भी तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक हफ्ते तक तापमान में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है।

### गुजरात के किन इलाकों में बारिश की उम्मीद?

मौसम विभाग ने दक्षिण गुजरात के कुछ हिस्सों में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है। **IMD** के पूर्वानुमान के मुताबिक, 23 जून को राजकोट, जूनागढ़, गिर सोमनाथ, अमरेली, भावनगर, बोटाद, सूरत, तापी, नवसारी, वलसाड, डांग, दमन, दादरा और नगर हवेली में बारिश का अनुमान है। जबकि 24 और 25 जून को गिर सोमनाथ, अमरेली, भावनगर, सूरत, तापी, नवसारी, वलसाड, डांग, दमन, दादरा और नगर हवेली में बारिश जारी रहने की संभावना है।

### औसत से कम बारिश

1 जून से 22 जून तक गुजरात में औसतन 59 ।2 मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन अब तक सिर्फ 14 ।5 मिलीमीटर ही बारिश हुई है। यानी 76 प्रतिशत की भारी कमी दर्ज की गई है। अगर अगले कुछ दिनों में भी मॉनसून नहीं आया तो जून महीने में कुल बारिश की कमी और बढ़ सकती है। किसान इस समय मॉनसून का इंतजार कर रहे हैं। कम बारिश से खरीफ फसल की बुवाई प्रभावित हो सकती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।